# साहित्य अकादमी ने आयोजित किया हिंदी कवि सम्मेलन

**साहित्य** अकादमी ने शुक्रवार शाम 7 बजे दिल्ली पुस्तक मेले के अवसर पर एक आभासी हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। वेब लाइन साहित्य श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित इस कवि सम्मेलन में सवाई सिंह शेखावत, विनोद पदरज, विनय सौरभ, मृत्युंजय सिंह, प्रतिभा कटियार एवं अनिल मिश्र ने विभिन्न मुद्दों और वर्तमान परिदृश्य पर 3-4 सारगर्भित कविताओं का पाठ किया। युवा कवियों के स्वर में जहां कई सवाल थे तो वरिष्ठ कवियों ने प्राचीन परंपराओं को रेखांकित करते हुए अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। अकादमी सचिव ने बताया कि दिल्ली पुस्तक मेले के अवसर पर अकादमी द्वारा आज भी एक बहुभाषी कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

नवोदय टाइम्स
Sat, 31 October 2020
https://epaper.navodayatimes.in/